कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल (म.प्र.)

जिला न्यायालय भोपाल (म0प्र0)

Off.Ph.0755-2552935,Email-Secdlsabpl@mp.gov.in

क्र.फा.न./LADCS/जि.वि.से.प्रा./3190/2025 भोपाल, दिनांक 26.12.2025

//सार्वजनिक–सूचना//

चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल/ डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल / असिस्टेंट लीगल एड डिफेस काउंसिल के नवीन चयन प्रकिया को निरस्त किये जाने विषयक्।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के पत्र कमांक MPSLSA Letter F.No. 97/LADCS/MPSLSA/2114/2025 Jabalpur, Dated, 06.08.2025 द्वारा जारी नवीन एस.ओ.पी. एंव पत्र कमांक F.No. 97/LADCS/MPSLSA/2025/2256 Jabalpur Dated 18.08.2025 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल में लीगल एड डिफेंस काउंसिल मोडिफाईड स्कीम 2022 के अंतर्गत स्थापित कार्यालय–लीगल एड डिफेंस काउंसिल में 01 चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, 03 डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं 06 असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पदो पर संविदा के आधार पर नियुक्ति किये जाने के सम्बंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल द्वारा विज्ञापन कमांक 3051/2025 भोपाल दिनांक 17.12.2025 जारी किया गया था।

माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा रिट पिटिशन कमांक 36687/2025, रामकिशन सोनी एवं अन्य विरूद्व यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य संबंधित याचिकाओं में दिनांक 18.12.2025 को आदेश पारित किया गया है। उक्त भर्ती विज्ञप्ति मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भर्ती के संबंध में बनायी गई नवीन एस.ओ.पी. के अनुपालन में जारी की गयी थी जिस एसओपी को माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अतः उक्त आदेश के अनुपालन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के अंतर्गत संविदा आधार पर चीफ/डिप्टी चीफ/असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चयन हेतु जारी भर्ती विज्ञप्ति कमांक 3051/2025 भोपाल दिनांक 17.12.2025 को निरस्त किया गया है।

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित

(सुनीत अग्रवाल)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
भोपाल (म0प्र0)

क्र.फा.न. / LADCS / जि.वि.से.प्रा. / 4002, 4003, 4004, 4005, 4006, 4007 / 2025 भोपाल, दिनांक 26.12.2025

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी महोदय, नजारत अनुविभाग, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, भोपाल की ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना नोटिस बोर्ड पर लगवाये जाने हेतु संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें।

2. श्रीमान प्रभारी अधिकारी महोदय,कम्प्यूटर अनुविभाग प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, भोपाल(म0प्र0)कि ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना प्रधान जिला न्यायालय, भोपाल की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

3. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय,तहसील विधिक सेवा समिति बैरसिया, जिला भोपाल की इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना नोटिस बोर्ड पर लगवाये जाने का कष्ट करें।

4. जिला जनसंपर्क अधिकारी भोपाल की ओर प्रेषित कर लेख है कि जनहित के उक्त समाचार का प्रकाशन जिले के समस्त दैनिक समाचार पत्रों में कराये जाने का कष्ट करें एवं समाचार पत्रों की कतरने प्रकाशन दिनांक को ही इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

5. अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ भोपाल (म0प्र0) की ओर प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना नोटिस बोर्ड पर लगवाये जाने का कष्ट करें।

6. अध्यक्ष, तहसील अभिभाषक संघ,बैरसिया, जिला भोपाल (म0प्र0) की ओर प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना नोटिस बोर्ड पर लगवाये जाने का कष्ट करें।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
भोपाल (म0प्र0)